# सांसद व विधायक ने प्रशासन और सरकार पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

**हिंडौन सिटी।** गत तीन दिनों से क्षेत्र में हो रही अतिवृष्टि शहर व क्षेत्र में बिगड़े हालातों को लेकर धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव एवं हिंडौन विधायक अनीता जाटव अपने कुछ समर्थकों को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे गए। जिन्होंने शहर में पैदा हुए बाढ़ के हालातो से निपटने में सरकार व आपदा प्रबंधन को पूरी तरह फेल बताया।



सांसद भजनलाल जाटव एवं हिंडौन विधायक अनीता जाटव अपने कुछ समर्थकों को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे गए।

- **हिंडौन में बारिश से बिगड़े हालातो को लेकर सांसद और विधायक उपखंड अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया**

उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब मौसम विभाग ने पूर्व में ही चेतावनी दे दी थी कि भरतपुर,धौलपुर व करौली आदि क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। इसके बावजूद भी ना तो सरकार ने इस ओर कोई ध्यान दिया और ना ही उपखंड व जिले के अधिकारियों ने ही क्षेत्र की स्थिति और हालतों के अनुसार कोई ध्यान दिया। इस तरह उपखंड और जिले के अधिकारियों से लेकर सरकार तक मौसम विभाग की इस आशंका से बेपरवाह रहे जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा की आपदा प्रबंधन को लेकर कोई सर्वे भी नहीं कराया।

उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि बर्षो पुरानी खारी नाले की समस्या समाधान होने की जगह बढ़ गई। उन्होंने सरकार से नाले की सफाई करवाने और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करवाने की मांग करते हुए कहा है कि नाले के पानी को खरेटा रोड होते हुए चौबे के बंध तक पहुंचाया जाए तो हिंडौन के लोगों को जल भराव की समस्या से निजात मिल जाएगी। इसी दौरान उन्होंने सरकार से आमजन को हुए नुकसान का मुआवजा देने की भी मांग रखी। इसी तरह हिंडौन में बाढ़ से बिगड़े हालातो पर विधायक अनीता जाटव ने कहां की भाजपा सरकार की पहली विधानसभा की बैठक में उन्होंने हिंडौन क्षेत्र के इस हरि नल की और जल भराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया सरकार का ध्यान भी आकर्षित किया लेकिन इसके बावजूद भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया उन्होंने बताया है कि 3 दिन से हो रही भारी बारिश से क्षेत्र में बाढ़ के हालात बने हुए हैं बरसात हमने का नाम नहीं ले रही है जल से तालाब से पानी ओवरफ्लो हो रहा है और शहर में घुस रहा है लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त है व्यापारियों का और वह रुपए का नुकसान हो चुका है इस समस्या को लेकर उन्होंने जल से तालाब की पाल जिसका गत वर्ष ही लगभग 5 करोड रुपए की लागत से निर्माण हुआ था ढहने लग गई है उन्होंने कहा कि अगर जलसन बांध टूट गया तो इंदौर में तबाही मच जाएगी जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

सांसद भजनलाल और विधायक अनीता ने कहा कि शहर में पैदा हो रहे इन हालातो को लेकर जिला कलेक्टर से लेकर संभाग की आयुक्त सीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी आपदा प्रबंधन के प्रिंसिपल सेक्रेटरी सहित स्वयं डिप्टी सीएम तक बात कर ली है लेकिन सरकार अभी कोई निर्णय नहीं ले पा रही है इस तरह उन्होंने सरकार और प्रशासन पर क्षेत्र की हालातो से बेपरवाह होने का आरोप लगाया है।

विधायक व सांसद ने आमजन से सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की अपील की। इसके बाद उन्होंने ट्रैक्टर में बैठकर क्षेत्र के बाढ़ ग्रसित क्षेत्रो का दौरा किया। इस कांग्रेस नेता नरेश गुर्जर, गोपेंद्र पावटा, अंसार पठान, ब्रजकिशोर शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## एक पेड मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया

**भरतपुर ( निस )।** पंजाब नैशनल बैंक भरतपुर मण्डल द्वारा हरियालो राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम के तहत गवर्नमेण्ट इंजीनियरिंग कालेज सेवर में फलदायक एवं छायादार पेडों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें कि पीएनबी एवं आरसेटी स्टाफ सहित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह उप अंचल प्रबन्धक अंचल जयपुर, नीतिराज शेखावत अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक (एएसपी) यातायात एवं साइबर काइम भरतपुर, मनोज राठौर पीएनबी प्रेरणा, अंचल जयपुर, का स्वागत पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। राजेन्द्र सिंह उप अंचल प्रबंधक अंचल जयुपर ने पर्यावरण जागरूक का संदेश देते हुए सभी के द्वारा एक पेड मां के नाम के तहत गवर्नमेण्ट इंजीनियरिंग कालेज सेवर में 101 फल दायक आम के पेडों का वृक्षारोपण एवं इनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एमसीसी हैड पीके वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांन्त कुमार, पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक भजन लाल, उप प्रबंधक दिनेश मीणा, गवर्नमेण्ट इंजीनियरिंग कालेज के लेखाधिकरी डॉ नवीन झा सहित गवर्नमेण्ट इंजीनियरिंग कालेज का स्टाफ व स्टूडेण्ट सहित, पीएनबी एवं आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जल भराव क्षेत्रो का जायजा लिया



करौली विधायक दर्षन सिंह गुर्जर ने जल भराव क्षेत्रो मे पहुॅचकर जायजा लिया

**करौला ( नि.स. )।** करौली में 3 दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद जगह-जगह जल भराव होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर करौली विधायक ने जल भराव क्षेत्र में पहुंचकर जायजा लेते हुए पीड़ित लोगों को सुना और जिला प्रशासन के माध्यम से उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि जल भराव क्षेत्र में पहुंचकर पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उन्हें संभव राहत प्रदान करने का आश्वासन दिया है जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी लगातार लोगों की समस्या को देखते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहचाने के पूरे प्रयास कर रहे हैं वहीं एसडीआरएफ की टीम भी पानी में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किए गए सुरक्षित स्थानों पर पहुंच कर उनके भोजन पानी और आवास की व्यवस्था की जा रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी भारी बारिश से हो रही लोगों की परेशानी को लेकर चिंतित है प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी लगातार जिला प्रशासन के अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए पीड़ित लोगों की और संभव मदद को तत्पर हैं।

### धर्मशाला पर किया पौधारोपण

**गंगापुर सिटी ।** मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को इंदरगढ दरबार जिला बूंदी में गंगापुर सिटी वालों की धर्मशाला में हरियाला राजस्थान एक पेड मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। धर्मशाला परिसर में सुबह 1० बजे लाखेरी उप जिला कलेक्टर कैलाश गुर्जर, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग, नगर परिषद सभापति शिव रतन अग्रवाल, पूर्व एडीएम बलदेव सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेशचंद्र सिंघल, अखिल भारतीय सम्मेलन के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, महामंत्री वेद प्रकाश मंगल, मदन मोहन गोठरा, नरदेव गुप्ता, मनीष सिंघल, राम अवतार, ओम प्रकाश गुर्जर, धुजी लाल गुप्ता, शिवदयाल जोशी, कैलाश चंद सहित समिति के कार्यकर्ताओं एवं भक्तगणों द्वारा धर्मशाला मार्ग में व धर्मशाला परिसर में 51 पौधों का रोपण किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि हरियाला राजस्थान की मुहिम में प्रत्येक नागरिक एक पेड जरूर लगाए जिससे प्रकृति की रक्षा हो सके और राजस्थान हरा भरा बना रहे। इस दौरान माता रानी के जयकारो से धर्मशाला परिसर गुंजयमान हो गया।

### जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**धौलपुर, ।** जिले में जारी भारी बारिश के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने शहर के प्रभावित जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सैंपऊ रोड़, जगदीश तिराहा एवं बाड़ी रोड पर स्थित दुकानों एवं बाजार के जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को जल भराव क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या के तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही सुरक्षात्मक उपायों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया। इससे पूर्व जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सोमवार सुबह उर्मिला सागर बांध का मौका निरीक्षण किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट साथ मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**धौलपुर, ।** सतत विकास लक्ष्यों के डिस्ट्रिक्ट इन्डीकेटर फ्रेमवर्क-डी.आई.एफ 2024 पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सभी संबधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सतत विकास लक्ष्य 2030 के संबध में 17 लक्ष्यों में से 5 लक्ष्यों में जिले को परफॉर्मर, 4 लक्ष्यों में फ्रंट रनर, और 5 लक्ष्यों में एस्पिरेंट की श्रेणी में रखा गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ऐसे सूचकांकों जिनमें जिला आकांक्षी श्रेणी में आता है को रैंकिंग सुधारने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। साथ ही अन्य इंडिकेटर में भी अधिक सुधार करने के लिए जिला कलक्टर ने निर्देशित किया। बैठक के दौरान सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने जिले के सतत विकास लक्ष्यों 2030 पर विभिन्न सूचकांकों के तहत किए गए प्रदर्शन एवं अर्जित अंकों की जानकारी साझा की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारी नियुक्त

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जिले में 10 एवं 11 अगस्त को हुई भारी वर्षा के दौरान बाढ़ एवं जलभराव जैसी स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षात्मक दृष्टि से राजकीय विद्यालयों में ठहराने हेतु राबाउमावि पुरानी ट्रक यूनियन करौली,महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गणेश गेट करौली एवम राउप्रावि नम्बर 7 केशवपुरा पुलिया करौली विद्यालयो का अधिग्रहण किया है एव विद्यालयों में अधिकारीयों व प्रधानाचार्यो की नियुक्ति कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है।

## धूमधाम से मनाया 108 मीटर लंबा लहरिया महोत्सव

**गंगापुर सिटी ।** मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ दरबार जिला बूंदी में रविवार को लहरिया महोत्सव में गंगापुर क्षेत्र के सैकडो भक्तों ने भाग लेकर माता रानी को ढोक लगाई। शनिवार रात्रि 10 बजे महारानी पैलेस में विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। माता रानी का दरबार सजाकर भगवती जागरण की शुरुआत हुई। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता रानी की एक से एक भेंट सुना कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जागरण प्रात: 4.30 बजे तक चला रविवार प्रात: 7 बजे माता रानी का चोला चढाकर सिंगार किया। इसके बाद प्रात: 8 बजे सैकडो भक्तों द्वारा माता रानी को 108 मीटर लंबा लहरिया हाथों में लेकर कतारवद् होकर ढोल नगाडे गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए सभी भक्त माताजी के दर्शन के लिए रवाना हुए। सावन के महीने में मंदिर के रास्ते पर हरियाली की छटा और हरा रंग का लहरिया सैकडो भक्त लेकर नाचते गाते रवाना हुए तो मंदिर परिसर का समूचा क्षेत्र भक्तिभाव से गूंजायमान हो गया। माता रानी को 108 मीटर लंबा लहरिया चढाकर माता रानी के दर्शन कर क्षेत्र व परिवार की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद सिंघल, वेद प्रकाश मंगल, डॉक्टर सीताराम, अनुराग गर्ग, कैलाश चंद, रघुनंदन करौली, अशोक करौली, रमेशचंद जीवद, राम अवतार, विजय गोयल, ब्रह्मानंद थैला वाले, आकाश गर्ग आदि सहित सैकडो महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

## अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया की हर घर तिरंगा अभियान के संबंध मे स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जायेगा।

जिसके अन्तर्गत आमजन को उनके परिसर में तिरंगा फहराये जाने एवं तिरंगे के साथ सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है।

उन्हांने बताया कि इस अभियान के संबंध में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जन प्रतिनिधियों,विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन के सहयोग एवं सहभागिता से कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

## प्रभारी सचिव ने जल भराव क्षेत्रो का निरीक्षण किया

**करौली ( नि.स. )।** जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर ने सोमवार को करौली शहर के जल भराव क्षेत्रों जैसे राधेश्याम मैरिज गार्डन, गौशाला, पावर हाउस, रणगंवा ताल सहित अन्य जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिला प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान पावर हाउस में विद्युत विभाग के अधिकारियों को रिकोर्ड को सुरक्षित स्थान पर रखने, पानी की निकासी करने, रणगंवा ताल पर टुटी हुई पाल का भी निरीक्षण किया एवं इस संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं मौके पर भेज कर अलर्ट रहने व सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिला प्रभारी सचिव ने इसके पश्चात जल भराव से प्रभावित व्यक्तियों से राजकीय राबाउमावि ट्रक युनियन स्कुल में प्रभावित महिला-पुरूषों से मिले एवं उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों को प्रभावित लोगों के भोजन-पेयजल एवं चिकित्सा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

### अधिकारी नियुक्त

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जिले में 10 एवं 11 अगस्त को हुई भारी वर्षा के दौरान बाढ़ एवं जलभराव जैसी स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षात्मक दृष्टि से करौली शहर के जल भराव प्राभावित क्षेत्रो में अधिकारियो की नियुक्ति कर पानी की आवक पर नजर रखने,किसी अप्रिय घटना की स्थिती पर नागरिक सुरक्षा टीम से 07464-250135, टोल फ्री नंबर 1077 पर तुरन्त संपर्क करने, लोगो की आवाजाही पर भी नजर रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

## हरियाली तीज महोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल सेवा संस्थान रनजीत नगर का हरियाली तीज महोत्सव रनजीत नगर स्थित शहनाई मैरिज होम मे संस्था अध्यक्ष एस पी जिंदल की अध्यक्षता में एवं भरतपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सी. ए. अतुल मित्तल बतौर विशिष्ट अतिथि मोजूद रहे। उद्योगपति हरिश्चंद्र लाल गोयल, बृजेश अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, मोहन बंसल, ओम प्रकाश सिंघल, सुशांत सिंघल, राजकुमार तिलकधारी, विकास मित्तल ने भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष सी. ए. अतुल मित्तल,महामंत्री मुकेश सिंघल कोषाध्यक्ष नवरत्न गर्ग सदस्य दीनदयाल गुप्ता, अमित गोयल का दुपट्टा माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ अर्चना गुप्ता ने जजेज की भूमिका निभाई।

## ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर।** धौलपुर शहर की निहालगंज थाना पुलिस ने फर्जी बैंक बनाकर लोन का झांसा देकर लोगों से रूपये ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गो प्राईम माईक्रो केयर एसोशिएसन बघौरा उरई के नाम से बैंक संचालित करता था।

इसको गिरफ्तार करने में रेलवे पुलिस की भी अहम भूमिका रही है थाना प्रभारी ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को देवकीनंदन पुत्र रामप्रकाश निवासी गंगथरा थाना रेंढर जिला जालौन यूपी द्वारा थाना निहालगंज धौलपुर में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मेरे व्यवहारी रवि निवासी उरई जिला जालौन यूपी ने धौलपुर बस स्टेण्ड पर कहा कि ग्रो प्राईम माईक्रो केयर एसोशिएसन बघौरा उरई 10 हजार रुपये जमा करने पर एक लाख रुपये का लोन मिलने का विश्वास देकर कम्पनी में खाता खुलवाया।

उसके बाद उसकी पत्नी ने भी उसी खाते में रूपये जमा कर दिये। कुछ दिनो वह और उसकी पत्नी ने रवि व बैंक डायरेक्टर अनिल अग्निहोत्री से लोन के एक लाख रूपये मांगे तो पता चला कि रवि ग्रो प्राईम माईक्रो केयर एसोसिएसन बघौरा उरई व डायरेक्टर अमित ने मिलकर फर्जी बैंक बनाकर खाता खोलकर जाली पासबुक देकर ठगी की है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमित अग्निहोत्री पुत्र सुभाषचंद ब्राहम्ण उम्र 30 साल निवासी गंगानगर कॉलोनी थाना कादरीगेट जिला फर्रुखाबाद उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

जिसे रेलवे स्टेशन के पास धौलपुर से आरपीएफ पुलिस के सहयोग से गिरफतार किया है। मामले को लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने ग्रोप्राईम माईक्रो केयर ऐसोसिऐशन फाईनेन्स कम्पनी उरई जिला जालौन यूपी में खोली थी। जिसमें नुकसान चला गया और कम्पनी बंद कर दी।

आरोपी ने बताया कि कम्पनी में खोले गये खाता धारको को उनके रुपये नहीं चुका पाया। मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण किया

**करौली ( नि.स. )।** संभागीय आयुक्त सावरमल वर्मा ने करौली शहर के जल भराव क्षेत्रो जैसे राधेश्याम मैरिज गार्डन,गौशाला,पावर हाउस सहित अन्य जभराव क्षेत्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल भराव से प्रभावित व्यक्तियों से भोजन पेयजल सहित अन्य के बारे में चर्चा की और शीघ्र ही समस्याओं के समाधान के संबंध में अधिकारीयों को निर्देश दिये। इस दौरान आईजी भरतपुर राहुल प्रकाश,जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौसमी बीमारियों से बचाव की जागरूकता के दिए निर्देश

**करौली ( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक सुचारू पहुंच की सुनिश्चितता के लिए सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने एडपोस्ट डिस्पेंसरी कल्याणी,सब सेंटर अतेवा और सीएचसी कैलादेवी का औचक निरीक्षण कर मौसमी बीमारियों से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं एडपोस्ट डिस्पेंसरी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्याणी बंद मिलने पर कार्मिकों को नोटिस जारी किए। डॉ. मीना ने संस्थाओं पर पहुंच कर उपस्थिति पंजिका अनुसार कार्मिकों को मौजूदगी जांची और ओडीके एप के माध्यम से निरीक्षण दर्ज कराया। उन्होनें संस्था पर ओपीडी, आईपीडी, जांच, दवा की उपलब्धता सहित एनसीडी में कार्य की समीक्षा कर प्रगति के निर्देश प्रदान किये। सीएचसी कैलादेवी का निरीक्षण कर आयुष्मान केवाईसी और आभा आईडी बनाने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने संस्था पर डिलीवरी बढ़ाने, संस्था पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने एवं सब सेंटर अतेवा में एएनएम को लक्ष्य अनुरूप आभा आईडी बनाने, मरुधर ऐप डाउनलोड कर सर्वे करने और मौसमी बीमारियों की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीशचंद मीना ने परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों के वितरण पर जोर दिया।

## रणगंवा ताल फूटने की सूचना असत्य

**करौली( नि.स. )।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर जिला कलक्टर के नाम से रणगंवा ताल फूटने की स्थिती में है इस तरह के भ्रामक व गलत अफवाह फैलाई जा रही है, जो कि जिला कलक्टर एवं जिला प्रशासन के द्वारा इस प्रकार की कोई भी सूचना प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशल मिडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर प्रकाशित एवं प्रसारण नही किया गया है, प्रशासन इसका खण्डन करता है इस प्रकार की भा्रमक एवं असत्य खबर चलाने वालो के खिलाफ पुलिस के द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## विद्यालयों में आज मंगलवार को अवकाश घोषित

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जिले में हो रही अतिवृष्टि को देखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का 13 अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा एवं अन्य परीक्षाऐं अपने निर्धारित समयानुसार आयोजित होगी।

## 'जल भराव वाले क्षेत्रों में सर्वोच्च प्राथमिकता से बचाव व राहत कार्यो में लाए तेजी'

**सवाई माधोपुर, ।** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजस्थान भण्डार व्यवस्था निगम व जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

प्रभारी सचिव ने सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव त्वरित राहत पहुंचाने तथा बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रभावित क्षेत्रों में पानी, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं की शीघ्र बहाली करने के निर्देश दिए है। जल त्रास्दी के कारण मानवीय क्षित एवं पशु हानि की स्थिति में नियमानुसार मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा को निर्देशित किया कि सभी निजी व सरकारी वेयर हाउस का निरीक्षण कर क्षितग्रस्त होने से नुकसान होने की सम्भावना पर जल निकासी का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने भोजन, पेयजल, दवाइयों की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने क्षेत्र में मौजूदा बांधों, नहरों व एनीकटों की स्थिति की लगातार निगरानी करने, जिला नियंत्रण कक्ष की सक्रियता, जलभराव व जर्जर सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थानों का चिन्हीकरण सहित आपदा की स्थिति में गौताखोर, सिविल डिफेन्स एवं उनके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों के चिन्हिकरण के साथ ही रेस्क्यू टीमें तैयार रखने एवं आपदा प्रबंधन से जुडे समस्त प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिया एवं रपट पर पानी बहने पर समस्त वाहनों एवं पैदल जाने वालों का आवागमन रोक दिया जाए तथा खतरे वाले जल स्त्रोतों एवं पुलिया के दोनों तरफ चैतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरिसिंह को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारी जल भराव सम्भावित क्षेत्रों में विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं लाईब्रेरियों का संचालन बेसमेंट में नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को मोबाइल टीमें बनाने, क्लोरीन की टैबलेट एवं अन्य जीवन रक्षक दवाओं के साथ ही डेंगू एवं मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों से निपटने के भी पूरे इंतजाम रखने तथा पशुपालन विभाग को पशुओं में फैलने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं चारे-पशु आहार आदि के लिए व्यवस्थाएं करने को कहा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को बारिश के मौसम में पानी की सेंपलिंग एवं क्लोरीनेशन करवाकर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन-जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सुनिश्चित करें कि आमजन बारिश के दिनों में जल भराव क्षेत्र में ना जाए तथा बच्चों को भी तालाब, एनिकट, झरने, नदी-नालो से दूर रखें।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना, एसडीएम अनिल कुमार चौधरी, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह, सहित आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## निरीक्षण किया

**भरतपुर ( निस )।** शासन सचिव सहकारिता एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने सोमवार को बयाना उपखण्ड के गम्भीर नदी के तटीय इलाकों में बसे गांवों एवं जलभराव एवं अत्यधिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ अमित यादव, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी साथ रहे।

जिला प्रभारी सचिव ने गंभीर नदी से सेवला हैड को पहुॅचे पानी का निरीक्षण कर अजान बांध होते हुये घना अभ्यारण में पानी पहुंचाने की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने जल बहाव क्षेत्र के सभी गांवों में मुनादी करवाकर लोगों को बहाव क्षेत्र से दूर रहने तथा बच्चों, महिलाओं पशुधन को जल क्षेत्रों के आसपास नहीं जाने देने के पाबन्द करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सेवला हैड पर अधिकारियों से विचार विमर्श कर पुलिस, स्थानीय पटवारी, ग्रामसेवकों को निरन्तर निगरानी रखते हुये आमजन को नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रखने के निर्देश दिये। ग्रामीणों ने सेवला हैड पर वर्षो बाद पानी पहुॅचने पर हर्षोल्लास के साथ प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल बहाव क्षेत्र में बच्चों, महिलाओं एवं पशुधन को नहीं जाने दिया जायेगा। जिला प्रभारी सचिव ने अधिकारियों के साथ गंभीर नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे गांवों, जलभराव क्षेत्रों के निरीक्षण की श्रंखला में ब्रम्हबाद, समोगर, कलसाडा में मौके पर जाकर गंभीर नदी में पानी की आवक का अवलोकन किया।

## शहर में शनिवार को निकलेगी कावड़ यात्रा

**गंगापुर सिटी ।** श्री शिव भक्त मण्डल के तत्वाधान में श्रावन मास की शनि प्रदोष शनिवार को धुंधेश्वर धाम से शिव भक्त कावड भर कर पंचायत समिति परिसर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर में विराजित शिव पंचायत का जलाभिषेक करेंगे। भुवनेश गर्ग ने बताया कि शनिवार को सुबह 6 बजे सभी कावडिये पंचायत समिति परिसर से वाहनो के जरिए धूंधेश्वर धाम रवाना होगें। वहां पर कावड का पूजन किया जायेगा एवं सभी गाजे बाजे के साथ सवाईमाधोपुर रोड, उघाडमल बालाजी, मिर्जापुर ईदगाह होते हुए प्रथम विश्राम के लिए खण्डेलवाल धर्मशाला में पहुंचेंगे। जहां पर कावडियो को अल्पाहार करवाया जायेगा। इसके बाद सभी कावडिये डीजे, ढोल नगाडो व सजीव झांकियो के साथ बाबा भोलेनाथ के जयकार लगाते हुए कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होगें। कावड यात्रा मार्ग खण्डेलवाल धर्मशाला से ट्रक यूनियन, बालाजी चौक होते हुए चौपड बाजार, खारी बजार, देवी स्टोर चौराहा होते हुए व्यापार मण्डल पुरानी अनाज मण्डी होते हुए पंचायत समिति मंदिर परिसर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचेंगे। तैयारियो को लेकर श्री शिव भक्त मण्डल के कार्यकर्ता की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कूपन बाटने की तारीख, ड्रेस वितरण एवं यात्रा मार्ग की तेयारियो को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्व सम्मति से सभी शिव भक्तो से 15 अगस्त तक कूपन प्राप्त करने की अपील की है। कूपन मण्डल के किसी भी कार्यकर्ता से प्राप्त किए जा सकते है। शिव भक्त कावड यात्रा के कूपन कटवाने के लिए आयुष बजाज 7597598805, भुवनेश अशोक चक्की, नर्सिंग कॉलोनी 9057255216, जिया मेडिकल स्टोर, बाटोदा पुष्पेंद्र सिंह तोमर 9772696113 कृतिका होम्यो क्लिनिक, पंचायत समिति के सामने 9460803734, रिजुल गर्ग हीरा लाल की मील 85०5०91475, वेदप्रकाश गुप्ता वैध कॉलोनी 7615981010, बंसल बेग स्टोर नया बाजार 7023019828, मंगल फर्नीचर कचहरी रोड 7014910752, कश्यप ईमित्र, फव्वारा चौक 8384956950, गौरव एंटरप्राइजेज, पुरानी अनाज मंडी 9610704900, आकाश शर्मा (हनी) गाँव चूली 9887187001 से प्राप्त कर सकते है।

- **शनिवार को धुंधेश्वर धाम से शिव भक्त कावड भर कर पंचायत समिति परिसर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर में विराजित शिव पंचायत का जलाभिषेक करेंगे।**